**Patrika (Indore), 29th August 2025, Page – 06**

### लगातार दूसरी बार संस्थान के शिक्षक का चयन

# आइआइटी इंदौर के डॉ. देबायन को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

इंदौर @ पत्रिका. भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्चतर शिक्षा विभाग ने 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025' के लिए देशभर से 21 उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया है। इसमें आइआइटी इंदौर के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. देबायन सरकार को 'मूल विज्ञान' श्रेणी में सम्मान के लिए चुना गया है। उन्हें यह पुरस्कार राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा दिया जाएगा। यह पुरस्कार उच्चतर शिक्षा संस्थानों और पॉलिटेक्निक में शिक्षण में नवाचार, समर्पण और उत्कृष्टता का परिचायक बनने वाले शिक्षकों को प्रदान किया जाता है।



पुरस्कार पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. देबायन सरकार ने कहा, शिक्षा मंत्रालय से यह सम्मान प्राप्त कर मैं अत्यंत विनम्र और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह पुरस्कार जितना मेरा है, उतना ही विद्यार्थियों और सहकर्मियों का भी है। शिक्षण मेरा जुनून रहा है और मैं शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे प्रभावशाली माध्यम मानता हूं।

## लगातार दूसरी उपलब्धि

यह लगातार दूसरा वर्ष है, जब आइआइटी के किसी संकाय संदस्य को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। साल 2024 में, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. कपिल आहूजा को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था। इस उपलब्धि पर आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा, यह पुरस्कार हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। डॉ. देबायन सरकार की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति समर्पण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना के अनुरूप है।